☎ 2286710, 2286709
राज्य नगरीय विकास अभिकरण
नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग,
लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org

SUDA

पत्रांक:– 3612 / 01 / तीस / कार्यक्रम / 2017–18

दिनांक:– 20 दिसम्बर, 2017

समस्त परियोजना अधिकारी /
सहा0 परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

विषय:- समस्त आवासीय योजनाओं में शहरी बेघरों को दिये गये आवासों की सूचना दिनांक 22.12.2017 तक उपलबध कराने के सम्बन्ध में।

अवगत कराना है कि समस्त आवासीय योजनाओं यथा–बीएसयूपी / आईएचएसडीपी, आसरा, राजीव आवास, वैम्बे आवास तथा मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीबी आवास योजना के अन्तर्गत शहरी बेघरों को आवंटन किया गया है, का विवरण उपलब्ध कराने हेतु मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्देशित किया गया है।

गाइडलाइन्स के अनुसार शहरी बेघरों में उन व्यक्तियों को सम्मिलित किया गया है, जिनके पास अपना निजी अथवा किराये का मकान नहीं होने के कारण सड़क के किनारे पटरियों (पेवमेंट), पार्क, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, धार्मिक स्थलों के पास दुकान एवं कारखानों के चबूतरों, निर्माण स्थल, पुल के नीचे, हयूमपाइप एवं अन्य खुले स्थानों पर शहर में रहने वाले व्यक्तियों को शहरी बेघरों के रूप में परिभाषित।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार शहरी बेघरों को आवास आवंटन की वर्षवार व योजनवार संख्या का विवरण दिनांक 22.12.2017 तक ई–मेल sltc.suda@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया जाता है कि संख्या के आधार पर वर्षवार लाभार्थियों की सूची भी जनपद स्तर पर तैयार कर लें तथा दिनांक 26.12.2017 तक ई–मेल sltc.suda@gmail.com पर उपलब्ध करायें, जिससे मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन को अवगत कराया जा सकें।

20.12.2017

(डा0 वी0के0 सिंह)
अपर निदेशक